56

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
सकारण आदेश

सकारण आदेश संख्या–14/अ0प्र0–14–18/2026 3313 /पटना, दिनांक– 16-3-26

संवेदक Sri Sharmanand Singh (Reg No. 1190101 Class) Add:- Sonpur Sidhnath Chowk, Sonpur, Saran, Pincode-841101 को कार्य प्रमंडल, सोनपुर के अधीन PMGSY योजनान्तर्गत पथ एन0एच0–19 नयागाँव से मठचिलावे पैकज संख्या–BR-09R-013 पथ का निर्माण कार्य एवं पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य आवंटित किया गया। पथ का कार्य प्रारम्भ की तिथि 15.07.2020 एवं कार्य समाप्ति की तिथि–14.07.2021 था। संदर्भित पथ की कार्य समाप्ति की वास्तविक तिथिः–01.04.2022 है।

उक्त पथ में निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के बाद भी संवेदक द्वारा उक्त पथ का पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य पूर्ण नहीं किया गया। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सोनपुर द्वारा उक्त पथ का पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य पूर्ण करने हेतु कई बार नोटिस दिया गया परन्तु संवेदक द्वारा पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य पूर्ण करने में कोई अभिरूचि नहीं ली गई।

मुख्य अभियंता–01, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना के पत्रांक 30 अनु0 दिनांक 07.01.2026 अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल छपरा के पत्रांक 24 अनु0 दिनांक 05.01. 202 एंव कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सोनपुर के पत्रांक 12 अनु0 दिनांक 05.01.2026 द्वारा संवेदक के निबंधन को विभागीय कालीसूची में सम्मिलित करने हेतु अनुशंसा उपलब्ध कराया गया।

उक्त अनुशसां के आलोक में विभागीय पत्रांक 973 अनु0 दिनांक 22.01.2026 एवं पत्रांक 2109 दिनांक 17.02.2026 द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित किये जाने हेतु निदेशित किया गया। निर्धारित अवधि के समाप्त हो जाने के बाद भी संवेदक द्वारा स्पष्टीकरण उपलब्ध नहीं कराया गया। इससे स्पष्ट होता है, कि संवेदक को अपने पक्ष में कुछ नहीं कहना है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरान्त बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 की कंडिका 11(क) (vi) एवं 11 (ख) (ii) के आलोक में संवेदक Sri Sharmanand Singh (Reg No. 1190101 Class) Add:- Sonpur Sidhnath Chowk, Sonpur, Saran, Pincode-841101 के निबंधन संख्याः–1190101 Class-I PAN No. AMOPS6836J को अगले 04 (चार) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

18.03.26
(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–18/2026 3313 /पटना, दिनांक–18-3-26

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव/सचिव/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधान विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/ नगर विकास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/ सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13.03.26
अभियंता प्रमुख

क0प0उ0

निबंधित

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–18 / 2026 3313 / पटना, दिनांक– 16.3.26

प्रतिलिपि– संवेदक Sri Sharmanand Singh (Reg No. 1190101 Class) Add:- Sonpur Sidhnath Chowk, Sonpur, Saran, Pincode-841101 को सूचनार्थ प्रेषित।

अभियंता प्रमुख 13.3.26

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–18 / 2026 3313 / पटना, दिनांक– 16.3.26

प्रतिलिपि–सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

अभियंता प्रमुख 13.3.26

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–18 / 2026 3313 / पटना, दिनांक– 16.3.26

प्रतिलिपि–नोडल पदाधिकारी, निबंधन, ग्रामीण कार्य विभाग / प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख 13.3.26